निदेशालय तकनीकी शिक्षा,
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण,
हिमाचल प्रदेश–सुन्दरनगर।

संख्याः- एसटीवी(टीई) Gen.Scholarship/2019/Vol.II- 77896-900 दिनांक 12/9/19

सेवा में,

समस्त निदेशक एवं प्रधानाचार्य,
राजकीय अभियान्त्रिक / फार्मेसी कॉलेज,
हिमाचल प्रदेश।

विषयः– तकनीकी शिक्षा में डिग्री कोर्स एवं मास्टर डिग्री कोर्स कर रहे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्रों, निर्धनता एवं मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने बारे।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय पर आपको यह सादर सूचित किया जाता है कि HP E-Pass portal तकनीकी कारणों से बन्द हो गया है। तकनीकी शिक्षा छात्रवृति योजना को NSP पोर्टल पर ऑनलाईन कराने हेतु प्रयास जारी है जिसमे कुछ समय लग सकता है। अतः समय के अभाव को मध्यनजर रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2019–20 में आबंटित की जाने वाली तकनीकी शिक्षा छात्रवृति के आवेदन पत्र प्रधानाचार्य द्वारा ऑफलाईन ही प्राप्त किए जाने हैं।

अतः आपको परामर्श दिया जाता है कि तकनीकी शिक्षा में मास्टर डिग्री/ डिग्री कोर्स /फार्मैसी व आर्चीटेक्ट असिस्टैंट शिप में चार वर्षीय, पांच वर्षीय कोर्स कर रहे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एवं सामान्य श्रेणी, के निर्धन एवं मेधावी छात्रों से तकनीकी शिक्षा छात्रवृति नवीन एवं नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र, निर्धारित प्रपत्र पर जो कि विभाग की **Website** पर उपलब्ध है, अनुलग्नकों सहित प्राप्त कर, कमेटी द्वारा इन आवेदन पत्रों की जांच पड़ताल करके सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी इस निदेशालय को दिनांक 5/12/2019 से पहले–2 उपलब्ध करवानी होंगी, ताकि मैरिट बनाकर छात्रवृति का आबंटन नियमानुसार एवं उपलब्ध छात्रवृति संख्या के आधार पर पात्र आवेदकों को किया जा सके। इस तिथि में कोई भी बदलाव नहीं किया जाएगा।

आवेदन पत्र भरने, जमा करवाने तथा अनुमोदित करने की तिथियों का विवरण निम्न प्रकार से होगाः–

| Sr.No | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1 | Submission of Scholarship Application form by the students. | 20th September to 15th November, 2019 |
| 2 | Verification of Applications form by the Head of Institutions. | 16th November to 30th November, 2019 |
| 3 | Poverty cum Brilliance at Diploma level and all Degree/Pharmacy Scholarship Application form Submission of duly Attested printed version of the application to this Office | On or before 05th December, 2019 |

# दस्तावेजों की आवश्यकता:-

1) हिमाचली प्रमाण पत्र।
2) अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, अनुसूचित जन जाति प्रमाण पत्र, यदि लागू हो तो प्रति साथ संलग्न करें।
3) निर्धनता एवं मेधावी छात्रवृति हेतु आय प्रमाण पत्र।
4) मास्टर डिग्री / डिग्री कर रहे आवेदकों को योग्यता प्रमाण पत्र मैट्रिक, +2, डिप्लोमा व सहायक प्रमाण पत्र की प्रति साथ लगानी होगी।
5) बैंक का नाम व स्थान, आवेदक का बैंक खाता संख्या एवं IFSC Code.
6) आवेदक का आधार नम्बर।
7) छात्रवृति नवीनीकरण हेतु डिग्री एवं मास्टर डिग्री स्तर के आवेदकों को अपने प्रथम–द्वितीय, तृतीय–चतुर्थ, पंचम–षष्ट, सप्तम–अष्टम, नवम–दशम् स्मैस्टरों के पास प्रमाण पत्र जो कि उनके गतवर्ष के परिणाम से सम्बन्धित हो, को साथ लगाना अनिवार्य होगा ताकि उनकी छात्रवृति का नवीनीकरण किया जा सके।

नोटः– छात्रवृति हेतू आवेदन फार्म तकनीकी शिक्षा विभाग की **Website** पर उपलब्ध है।

निदेशक तकनीकी शिक्षा
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण
हिमाचल प्रदेश सुन्दरनगर।